# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–18 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि श्री अमित शाह ने भारतीय संविधान के निर्माता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि श्री शाह द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से कांग्रेस स्पष्ट रूप से तिलमिलाई हुई है। कल राज्यसभा में डॉक्टर आम्बेडकर पर श्री शाह की टिप्पणी पर विपक्ष के आरोपों का जिक्र करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस और उसके लचर तंत्र को लगता है कि उनके दुर्भावनापूर्ण झूठ कई वर्षों के उनके अनुचित कर्मों, विशेष रूप से डॉक्टर आम्बेडकर के प्रति उनके अपमान को छिपा सकते हैं, तो ये पूरी तरह से गलत हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने बार–बार देखा है कि कैसे एक राजवंश के नेतृत्व वाली पार्टी ने डॉक्टर आम्बेडकर की विरासत को मिटाने तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को अपमानित करने के लिए हरसंभव अनुचित चाल चली है। उधर डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के बारे में गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर विपक्ष के आरोपों को लेकर हुए शोर–शराबे के कारण आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई थी।

**********

प्रदेश सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह मनाएगी। इस अवसर पर कल से पचीस दिसंबर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएगें। शताब्दी समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह संगीत नाटक अकादमी में करेंगे। समारोह में प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, काव्यपाठ सहित कई आयोजन होगें। इन आयोजनो के विजेताओं को पचीस दिसंबर को सम्मानित भी किया जाएगा।

**********

प्रदेश विधानसभा का घेराव करने के लिए लखनऊ जा रहे कांग्रेस नेताओं को घर में नजरबंद करने के साथ ही उन्हें जिलों में ही रोक लिया गया। वहीं लखनऊ पार्टी कार्यालय पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर इको गार्डेन में ले जाकर छोड़ दिया गया। जिन नेताओं ने विधान भवन पहुंचने का प्रयास किया पुलिस ने उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की भी गिरफ्तारी हुई है।

**********

सशस्त्र सीमा बल का इकसठवां स्थापना दिवस आज लखनऊ स्थित सीमांत मुख्यालय पर मनाया गया। इस दौरान एसएसबी के आईजी रत्न संजय ने बताया कि सेवा सुरक्षा और बन्धुत्व एसएसबी का ध्येय वाक्य है। उन्होंने कहा कि एसएसबी, उत्तर प्रदेश से लगने वाली नेपाल सीमा की सुरक्षा करता है।

**********

प्रयागराज में दो हजार पच्चीस में होने वाले महाकुंभ में इस बार सुन्दरता और सुरक्षा का संगम दिखाई देगा। देश–विदेश से बड़ी संख्या मे श्रद्धालु यहां नव्यता के साथ भव्यता का भी अवलोकन कर सकेंगे। मेले को सजाने और संवारने का काम अंतिम चरण में है। महाकुंभ के दौरान पूरे मेले को संचालित करने और व्यवस्था की निगरानी के लिए नया कंट्रोल रूम बनाया गया है। महाकुंभनगर के अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी के अनुसार इस कंट्रोल रूम से मेले के चप्पे–चप्पे पर नजर रखी जाएगी। यहां एक साथ सौ से अधिक अधिकारियों की टीम काम करेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा महाकुंभ के माध्यम से ऐसा उदाहरण पेश करने की है, जिससे लोग ये जाने कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश क्यों कहा जाता है।

**********

केन्द सरकार की पीएम सूर्यघर योजना को प्रदेश में नये आयाम मिल रहे हैं। बिजली बचत, आय वृद्धि और हरित ऊर्जा के लक्ष्य को पूरा करने वाली इस योजना से प्रदेश के लाखों घर लाभान्वित हो रहे हैं। प्रदेश सरकार की सक्रियता का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश, सोलर रूफटाप लगाने के मामले में गुजरात और महाराष्ट्र के बाद देश में तीसरे स्थान पर है। अब तक प्रदेश में तिरपन हजार से अधिक सोलर रूफटाप पैनल लगाये जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य अगले तीन वर्षो में पचीस लाख सोलर रूफटाप लगाने का है। योजना के तहत सरकार इसे लगाने के लिए सब्सिडी भी दे रही है। एक किलोवॉट की क्षमता वाले पैनल के लिए केन्द्र सरकार तीस हजार रूपये और प्रदेश सरकार पन्द्रह हजार रूपये की सब्सिडी दे रही है। इसी तरह दो किलोवॉट के लिए केन्द्र सरकार की ओर से साठ हजार और प्रदेश सरकार की ओर से तीस हजार रूपये मिलते है।

**********

ब्रिस्बन में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का तीसरा टेस्ट मैच बारिश के कारण ड्रॉ हो गया। इसके तुरंत बाद भारत के दिग्गज ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। खेल रोके जाने तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गवाए आठ रन बना लिए थे। उस समय भारत को जीत के लिए दो सौ सडसठ रन की आवश्यकता थी, लेकिन खराब मौसम के कारण मैच का निर्णायक परिणाम नहीं आ सका। पांच मैचों की श्रृंखला फिलहाल एक–एक से बराबरी पर है। अगला टेस्ट मैच छब्बीस दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा।

**********